तार का पता : "मिनीस्टील"
Telegraphic Address : "MINISTEEL"

सं0 26020/3/07-सा. प्रशा.

No. ________

भारत सरकार
GOVERNMENT OF INDIA
इस्पात मंत्रालय
MINISTRY OF STEEL
उद्योग भवन
UDYOG BHAWAN

26020/3/2007- सा.प्रशा.

नई दिल्ली-110107 दिनांक 8 अप्रैल, 2008
New Delhi-110107

सेवा में

संलग्न सूची के अनुसार

विषय : इस्पात मंत्रालय में अनुबंध आधार पर कार चालक उपलब्ध कराने के संबंध में मोहरबंद निविदाएं आमंत्रित करने के संदर्भ में ।

महोदय

अधोहस्ताक्षरी को उपरोक्त विषय पर इस्पात मंत्रालय में अनुबंध आधार पर कार चालक उपलब्ध कराने के संबंध में मोहरबंद निविदाएं आमंत्रित करने का निदेश हुआ है । अगर आपकी फर्म इस कार्य के निष्पादन के लिए संलग्न शर्तों के आधार पर आवेदन करने के लिए इच्छुक है तो अपनी निविदा मुहरबंद लिफाफे में दिनांक **25/4/2008 सुबह 11.00 बजे** तक भेज दें । निविदाएँ आवेदक फर्मो के इच्छुक उपस्थित प्राधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में दिनांक **25/04/2008 को ही सुबह 11.30 बजे खुलेंगी ।** जो चालक किसी फर्म से संबंधित नहीं हैं वह सीधे आवेदन कर सकते हैं ।

2. इस्पात मंत्रालय में सक्षम प्राधिकारी के पास बिना कोई कारण बताए किसी भी निविदा को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है ।

3. निविदा के साथ जमानत राशि के रुप में Pay and Accounts Officer, Ministry of Steel के नाम देय रुपए 10000/- का डिमांड ड्राफट संलग्न किया जाना आवश्यक है । अन्यथा निविदा पर विचार नही किया जाएगा । सीधे आवेदनकर्त्ता चालक को जमानत राशि जमा करवाने की आवश्यकता नहीं है ।

4. लिफाफे के बाहर स्पष्ट शब्दों में 'चालक के लिए निविदा' लिखा होना चाहिए ।

भवदीय,
(हस्ताक्षर)
(दर्शन कुमार सोलंकी)
अनुभाग अधिकारी
(दू) 23062537

प्रतिलिपि: NIC इस्पात मंत्रालय अनुरोध है कि इसे मंत्रालय की Web-site पर व्यापक प्रचार प्रसार के लिए दर्शाया जाए ।

स्वयं सत्यापित
फोटोग्राफ

अनुबंध आधार पर स्टाफ कार चालक के लिए आवेदन

1	नाम	
2	पिता का नाम	
3	जन्म तिथि	
4	आवासीय पता	
5	शैक्षिक योग्यता	
6	कार चालक के रुप में अनुभव	
7	ड्राइविंग लाइसेंस नं. एवं जारी करने वाले प्राधिकरण का नाम	
8	टेलिफोन नं.	
9	दो सम्मानित व्यक्तियों के नाम, पते एवं फोन नं. जो प्रार्थी को कम से कम पांच वर्ष से जानते हों	
10	पिछले रोजगारदाताओं के नाम, पते एवं टेलिफोन नं.	
11	अनुबंध के लिए प्रति ड्राईवर मासिक राशि	

नोट:- जन्म तिथि, आवासीय पता और शैक्षिक योग्यता संबंधी प्रमाण-पत्रों की प्रतियां चार नवीनतम फोटोग्राफ संलग्न करें ।

कार चालक उपलब्ध कराने के संबंध में नियम एवं शर्तें

1 चालक की आयु 18 से 45 वर्ष के बीच हो

2 मोटर कार के लिए मान्य ड्राईविंग लाइसेंसधारी (Commercial LMV Licence with badge)

3 स्टाफ कार में छोटे दोषों को ठीक करने की जानकारी रखता हो

4 किसी अच्छे संगठन में वाहन चालक के रुप में कम से कम 5 वर्ष का अनुभव रखता हो

5 कम से कम आठवीं कक्षा पास हो तथा लॉग बुक को लिखने में सक्षम हो

6 चालक उपलब्ध कराने वाली फर्म को रुपए 10,000/- की जमानत राशि वेतन एवं लेखा अधिकारी, इस्पात मंत्रालय के नाम जमा करानी होगी । सीधे आवेदनकर्त्ता प्रत्याशी को रुपए 10,000/- की जमानत राशि जमा करवाने की आवश्यकता नहीं है ।

7 उघोग भवन के 8 किलोमीटर के दायरे में निवास करने वाले एवं सेना अथवा किसी अन्य सुरक्षा संगठन से सेवानिवृत्त चालक को प्राथमिकता दी जाएगी ।

8 चालक को मासिक आधार पर कार्य पर बुलाया जा सकता है । आवश्यकता न होने की स्थिति में चालक को कार्य पर नहीं बुलाया जाएगा ।

9 निविदा के साथ फर्म का पंजीकरण प्रमाण-पत्र तथा सर्विस टैक्स पंजीकरण प्रमाण-पत्र लगाना आवश्यक है अन्यथा निविदा पर विचार नहीं किया जाएगा ।